अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस समारोह का आयोजन

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, सेक्टर 31 के द्वारा अपने परिसर में अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में एक समावेशी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष विद्यालय के छात्रों ने कॉलेज के डी. एड, बी. एड और एम. एड. के छात्रों के साथ भागीदारी की। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और एनएसएस स्वयंसेवकों के सहयोग से ग्रिड के द्वारा किए गए यूटी चंडीगढ़ के विगत सुगम्य ऑडिट के बारे में बताया। उन्होनें भारत सरकार के द्वारा संचालित सुगम्य भारत अभियान की विशेषताओं की भी चर्चा की। जूनियर स्पोर्ट्स कोच शीतल नेगी ने छात्रों के लिए एक सॉफ्ट बॉल थ्रो गेम्स का भी आयोजन किया। कॉलेज के छात्रों के द्वारा व्हीलचेयर का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को होने वाली कठिनाइयों के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। स्पेशल एजुकेटर अनीशा ने कॉलेज के छात्रों को व्हीलचेयर की कार्यप्रणाली के बारे में समझाया। वहीं, स्पेशल एजुकेटर अंजलि ने व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के द्वारा व्हीलचेयर के उपयोग, आवश्यकता और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से चर्चा किया। कॉलेज के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि केएम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ करुप्पास्वामी एवं रिसर्च असिस्टेंट सह विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह इस कार्यक्रम के आयोजक थे।